हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 19 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 3.1 डिग्री

12 जिला कांग्रेस कमेटी के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति



12 जातिगत भेदभाव को समाप्त कर एकजुट हो हिंदू समाज



## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति पानीपत की बैठक रद्द

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय में सोमवार को आयोजित की जाने वाली जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेशों तक रद्द की गई है। यह जानकारी उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने देते हुए बताया कि बैठक कब होगी इसकी जानकारी जनता को दे दी जाएगी।

### गैर इरादन हत्या का बस चालक पर केस दर्ज

**पानीपत।** हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 थाना पुलिस ने हरियाणा रोडवेज की करनाल डिपो की बस संख्या एचआर 45 जीवी 4471 के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्मरणीय है कि इस बस की चपेट में आने से 28 वर्षीय सुनीता पत्नी सूरज निवासी बिहोली जिला पानीपत की मौत हो गई थी। इधर, पुलिस ने करनाल डिपो के महाप्रबंधक को इस घटना की जानकारी देकर आरोपी रोडवेज चालक को थाने में पेश होने के लिए कहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव शेरा के पास किसी वाहन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मृतक के पास ऐसा कुछ नहीं मिला जो उसकी पहचान करने में सहायक सिद्ध हो सके। थाना मतलौडा पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब पचास साल है और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया है।

### फंदे पर लटका मिला बिहार प्रवासी का शव

**पानीपत।** वीर नगर स्थित फैक्टरी में 42 वर्षीय निगार आलम मूल निवासी किशनगंज, बिहार का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस की जांच में पता चला कि निगार भूमि से करीब तीस फुट उंचाई पर फैक्टरी के शेड में लगे गाटर से बंधे फंद पर लटका हुआ है। भूमि से करीब तीस फुट की उंचाई पर शव का फंदे पर लटका होना हत्या की ओर इशारा करता है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि निगार इतनी ऊंचाई तक कैसे पहुंचा।

# विषमताओं को समाप्त कर समाज में समरसता लाना भाविप का उद्देश्य

**अमृत मंथन क्षेत्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन**

*हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा बोले, भारतीय संस्कृति एवं संस्कार दुनिया में प्रगाढ़ता के साथ जीवन जीने के मार्ग को प्रशस्त कर रहा है।*



कुरुक्षेत्र। सम्मेलन का शुभारंभ करते शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत विकास परिषद, उत्तर क्षेत्र-2 के तत्वावधान में तथा हरियाणा उत्तर प्रांत के आतिथ्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित अमृत मंथन क्षेत्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन-2026 में उत्तर क्षेत्र-2 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न प्रांतों से सैकड़ों की संख्या में परिषद के पदाधिकारियों, शाखा अध्यक्षों, सचिवों एवं कार्यकतार्ओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि भारतीय संस्कृति में विश्व कल्याण की भावना निहित है।

आज विश्व में ताकतवर एवं विकसित देश पिछडे एवं गरीब देशों की सहायता करने की बजाय अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं भारतीय संस्कृति एवं संस्कार दुनिया में प्रगाढ़ता के साथ जीवन जीने के मार्ग को प्रशस्त कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारतीय विचार विश्व में श्रेष्ठ है क्योंकि हवन एवं पूजा पाठ में विश्व के कल्याण की भावना का उद्घोष होता है, यही भारत विकास परिषद का भी उद्देश्य है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के समक्ष मुख्यातिथि सहित भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन, क्षेत्रीय अध्यक्ष उत्तर क्षेत्र-2 डॉ. परमजीत पाहवा, समाजसेवी विजय कंसल एवं दीपक बंसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में वंदे मातरम् के सामूहिक गायन की प्रस्तुति भी हुई।

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों, बुराईयों एवं विषमताओं को समाप्त कर समाज में समरसता लाना ही भारत विकास परिषद का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भारत विकास के पांच सूत्र सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण के माध्यम से भारतीय चिंतन को जागृत कर भारत को उन्नत एवं एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। इसलिए देश को विकसित बनाने तथा समाज के मजबूत स्तम्भ के रूप में भारत विकास परिषद की अहम भूमिका है। इसके साथ ही उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे देश हित में एकता, समरसता को जीवन के आचार-व्यवहार में ढालकर सुरसा जैसी चुनौतियों का सामना करने का कार्य करें। सम्मेलन में सभी अतिथियों द्वारा आत्म मंथन विषय पर आधारित स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर प्रमुख दायित्वधारी राकेश शर्मा, जियालाल बंसल, दीपक राय आनंद, जेआर भट्ट, राजकुमार अग्रवाल, विक्रांत खंडेलवाल, शोभना, निदर्शना, सुशील सूद, रत्नचंद सरदाना, राजकुमार बग्गा, केके अरोड़ा, पूजा अग्रवाल, महेंद्र कुमार शर्मा, अनुज अग्रवाल, कपिल गुप्ता, अतुल गोयल, नीरज शर्मा, मनीष मलिक, विजयंत बिंदल, डॉ. ममता सचदेवा, डॉ. नीलम ढांडा, अनिल बंसल, अशोक चौधरी, बलजीत चावला, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. दीपक राय बब्बर, प्रो. विवेक चावला, महेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, संजीव बंसल, वीरेन्द्र धुरेजा, धीरज भाटिया, विजय कांत सहित मैत्रेयी शाखा के सभी व्यवस्था प्रमुख व अन्य सदस्य मौजूद रहे।*

**राष्ट्र निर्माण परिवर्तन में अहम योगदान**

सम्मेलन में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने कहा कि युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानंद जी के अनुसार निस्वार्थ भाव से मानव की सेवा करना ही सच्ची सेवा है। परिषद हर वर्ष 10 गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को लक्षित कर उन्हें शिक्षा, स्वरोजगार, नवाचार एवं उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाकर देश एवं समाज निर्माण में अहम योगदान के योग्य बनाता है। समाज के प्रति मन में संवेदना, सेवा, पीड़ा एवं दया का भाव प्रस्फुटित होना यही संस्कार है।

# बसंत पंचमी पर होगा जाट धर्मशाला में वार्षिक उत्सव



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद।

- समारोह में मुख्यमंत्री नायब सैनी होंगे मुख्यातिथि : कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर 23 जनवरी 2026 को दीनबंधु सर छोटू राम जी की स्मृति में भव्य वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों, सामाजिक संस्थाओं तथा प्रदेश भर से चौ छोटूराम के विचारो का अनुसरण करने वाले लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज के आशीर्वचन से शुरू होगा।

कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सुभाष बराला करेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, सांसद नवीन जिंदल, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंदर खैरा, समाजसेवी प्रदीप मोर, जयभगवान शर्मा, सुखबीर शौकीन और राष्ट्रीय लोकदल की प्रवक्ता सुश्री निशा चौधरी शामिल होंगे। प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने कहा कि दीनबंधु सर छोटू राम जी ने किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक ऐतिहासिक कानून बनवाए। उन्होंने किसानों की खेती, बैलगाड़ी और घर को कुर्की से बचाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए, जिसके कारण वे किसान मजदूर हितों के प्रतीक और 36 बिरादरी के सच्चे प्रतिनिधि बने।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर धर्मशाला उपप्रधान बनी सिंह ढुल, सचिव हरकेश सहारण, सह-सचिव होशियार सिंह, कोषाध्यक्ष नरेंद्र, सदस्य जितेंद्र, अंग्रेज सिंह, बलविंदर, गंगा बिशन सहारण, रमेश मलिक, ऋषिपाल, साथ ही पूर्व वाइस चांसलर प्रो. रणपाल तहलान, ऋषिपाल अन्टेड़ी, राजेंद्र हथिरा, टेकचंद बारना, शमशेर ढुल, जसवंत कोलेखां सतीश खटकड़, गुलाब आदि मौजूद रहे।

### अंबाला : साहा गोल चक्कर से टकराई कार, पति की मौत और पत्नी बुरी तरह से जख्मी

**बराड़ा।** साहा गोल चक्कर पर सड़क पर पेंट न होने के कारण रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। गोल चक्कर स्पष्ट दिखाई न देने से एक कार अनियंत्रित होकर सीधे गोल चक्कर से टकरा गई। इसके बाद कार पलट गई। हादसे के समय कार में पति-पत्नी सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अंबाला कैंट के शिव प्रताप नगर के सिमरन सिंह और उनकी पत्नी आकांक्षा कक्कड़ अपनी महिंद्रा एक्सयूवी-500 में अंबाला कैंट से जगाधरी की तरफ जा रहे थे। उनकी गाड़ी साहा चौक पर टकरा गई पलट गई । इस हादसे में सिमरन सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि पत्नी आकांक्षा को अंबाला कैंट सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया है। बताया जा रहा है कि दंपति की हाल ही में शादी हुई थी। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में गोल चक्कर पर पेंट और संकेतक न होने को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि साहा गोल चक्कर पर जल्द से जल्द पेंट और उचित संकेतक लगाए जाएं।

### घायल बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत

**कुरुक्षेत्र।** किरमच रोड़ पर एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर लगने से घायल हुई बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान कमलेश (55) निवासी वीसी कॉलेज कॉलोनी के रूप में हुई। कमलेश अपनी बहू सोनिया के साथ दवा लेकर घर लौट रही थी। दोनों महिलाएं पैदल चलकर एनआईटी की दीवार के सामने पहुंचीं। अचानक एक बाइक तेज स्पीड में आई, जिसने सीधी टक्कर उसकी सास को मार दी। उसकी सास सड़क पर गिर गई।

# विदेश भेजने के नाम पर 40 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी कुलबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पीडित महिला ने 17 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2024 के दौरान आरोपी कुलबीर सिंह व अन्य ने उसे, उसके पति व बच्चों को विदेश भेजने के मामले में उससे 40 लाख की एक बडी रकम हडपने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## परचून व्यापारी से ठगे पांच लाख रुपये, तीन लोग नामजद

**यमुनानगर।** सिंगापुर वर्क वीजा दिलाने का झांसा देकर परचून दुकानदार से पांच लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गांव कासली निवासी गोपाल की शिकायत पर थाना प्रताप नगर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोपाल ने शिकायत में बताया कि वह गांव में ही किराना की दुकान चलाता है। पिछले वर्ष वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इसी दौरान उसकी पहचान नारायणगढ़ जिला अंबाला निवासी सतीश के बेटे हर्ष और सागर तथा उनके साथी पुनीत से हुई। तीनों ने उसे भरोसा दिलाया कि वे सिंगापुर भिजवाकर वर्क वीजा पर नौकरी लगवा देंगे। आरोपियों ने विदेश भेजने के लिए कुल पांच लाख रुपये खर्च होने की बात कही। उनकी बातों में आकर गोपाल ने जुलाई से नवंबर के बीच आरोपियों के बताए बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर किए और कुछ रकम नकद भी दी। पैसे लेने के बाद आरोपी लगातार वीजा लगने का आश्वासन देते रहे। कभी फाइल प्रक्रिया में होने की बात कही तो कभी कागजात अधूरे होने का बहाना बनाया। कई महीने बीतने के बावजूद न तो वर्क वीजा मिला और न ही विदेश भेजने की कोई ठोस कार्रवाई हुई। जब गोपाल ने पैसे वापस मांगने शुरू किए तो आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़ित की शिकायत के बाद थाना प्रताप नगर पुलिस ने हर्ष, सागर और पुनीत के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# राइस मिलों से 125 कट्टे धान चोरी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के मधुबन और तरावड़ी थाना क्षेत्र में राइस मिलों को चोरों ने निशाना बनाते हुए अलग-अलग दिनों में करीब 125 कट्टे धान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की सभी घटनाएं सुबह या रात के समय होने की बात सामने आई है। मधुबन क्षेत्र में हुई चोरी की एक घटना में चोर कैमरे में कैद भी हुए हैं।

पुलिस के अनुसार उंचा समाना गांव स्थित भगवती राइस मिल में तीन अलग-अलग तारीखों पर चोरी की वारदात सामने आई है। पहली चोरी 25 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 5 बजे हुई, जिसमें जरी के 3 कट्टे चोरी हुए।

इसके बाद दूसरी घटना 1 जनवरी को सुबह करीब 4 बजे हुई, जिसमें 15 से 20 कट्टे जरी चोरी होने की जानकारी मिली। तीसरी और सबसे बड़ी चोरी 16 जनवरी को सुबह 4 से 4:30 बजे के बीच हुई, जिसमें 25 से 30 कट्टे जरी चोरी कर ले गए। प्रत्येक कट्टे का वजन करीब 37 से 38 किलो था, जिससे मिल को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। मिल संचालक निशांत राणा ने बताया कि फुटेज में एक बाइक पर दो युवक नजर आए हैं।

### तरावड़ी मिल की दीवार फांदकर 80 बोरी धान चोरी

तरावड़ी थाना क्षेत्र की है, जहां एसएस राइस मिल में 16 जनवरी की रात चोरी की वारदात हुई। जानकारी के अनुसार, मिल की पिछली दीवार फांदकर अज्ञात चोर करीब 80 बोरी जरी (धान) चोरी कर ले गए। राइस मिल के चौकीदार ने सुबह मिल पहुंचने पर चोरी की सूचना दी। शिकायतकर्ता दिनेश कुमार ने बताया कि उनके पिता इस राइस यूनिट में पार्टनर हैं और उन्होंने तुरंत थाना तरावड़ी में शिकायत दर्ज कराई।

### पेंशन बढ़वाने का लालच देकर बुजुर्ग महिला के कान से कुंडल लेकर आरोपी फरार

**अंबाला।** बादशाही बाग में एक युवक ने गली में टहल रही बुजुर्ग विधवा राममूर्ति को पेंशन बढ़वाने का झांसा देकर सोने के कुंडल ठग लिए। आरोपी ने पहले बुजुर्ग महिला को पेंशन के लिए फोटो खींचने की बात कही थी। तभी अचानक बोला कि अगर फोटो में आभूषण आए तो पेंशन नहीं लगेगी। जब बुजुर्ग ने कानों से सोने के कुंडल उतारकर हाथ में पकड़े लिए तो आरोपी बातों में उलझाकर आभूषण लेकर बिना नंबर की बाइक पर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता राममूर्ति की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता राममूर्ति ने बताया कि 16 जनवरी को वह दोपहर के समय खाना खाने के बाद गली में टहल रही थीं। दोपहर 1 बजकर 35 मिनट पर बिना नंबर की बाइक पर एक युवक आया। उसने झांसा दिया कि वह उनकी चार हजार रुपये की पेंशन बढ़ा देगा। जब बुजुर्ग महिला ने कहा कि उनकी पेंशन पहले से आ रही है तो ठग ने कहा कि वह और ज्यादा पेंशन दिलवा देगा। झांसे में लेने के बाद आरोपी ने फोटो लेने के बहाने सोने के कुंडल उतरवा लिए। गली में शोर न मचे इसलिए वह बुजुर्ग को बाइक पर गली में कुछ दूरी पर ले गया। बाद में बाइक से नीचे उतरने के बाद थोड़ा आगे जाने की बात कहकर भाग गया। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

- यमुनानगर में गांव खंडवा के पास बीती रात हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना सदर क्षेत्र के गांव खंडवा के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

गांव खंडवा निवासी विपिन कुमार (36) सुढैल स्थित एक इंजीनियरिंग फैक्ट्री में काम करता था। वह शाम को ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था। रात करीब 10 बजे जब वह खंडवा पोल्ट्री फार्म के पास खंडवा मोड़ की ओर पहुंचा, तभी पीछे से आई मारुति ऑल्टो कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विपिन सड़क पर गिर गया और कार का पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक भीड़ जुटती देख फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस हेल्पलाइन 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में विपिन को एम्बुलेंस के जरिए सिविल अस्पताल यमुनानगर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

जांच अधिकारी बलविंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के मामा सुभाष चंद निवासी हरनौल की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## प्राची तीर्थ से लेकर वाल्मीकि मंदिर तक स्थल के विकास का मास्टर प्लान तैयार

# पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर बनेंगी 49 सदरियां : किरमच

- हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष ने की पत्रकारवार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



पिहोवा। बैठक में मौजूद हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर की तर्ज पर पिहोवा सरस्वती तीर्थ स्थल पर 49 सदरियां तैयार की जाएंगी। इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इसके अलावा प्राची तीर्थ से लेकर वाल्मीकि मंदिर तक सरस्वती तीर्थ स्थल को विकसित करने का मास्टर प्लान भी तैयार किया गया है।

बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने रविवार को सरस्वती तीर्थ पर पत्रकारों से बातचीत की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में सरस्वती नदी के किनारे स्थित तीर्थों, तलाबों, घाटों को विकसित किया जा रहा है। इस सरकार ने हजारों साल पुरानी सरस्वती नदी के किनारे बसी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के साथ-साथ विकसित करने का कार्य किया है। इन्हीं संकल्पों में से एक संकल्प पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर ब्रह्मसरोवर की तर्ज पर 49 सदरियां बनाई जाएंगी। इन सदरियों से तीर्थ की भव्यता और सुंदरता में चार चांद लगेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से पिहोवा सरस्वती तीर्थ के आसपास क्षेत्र और प्रांची तीर्थ से वाल्मीकि मंदिर तक सरस्वती नदी को विकसित करने के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इस मास्टर प्लान को लेकर बोर्ड के अधिकारियों ने उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से भी चर्चा की है। अब इस प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष रखा जाएगा। मुख्यमंत्री की सहमति मिलने के बाद आगामी आवश्यक कार्यवाही को अमलीजामा पहनाया जाएगा। उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से ही पिहोवा के सरस्वती महोत्सव को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। इस तीर्थ स्थल पर आने वाले समय में देश विदेश से पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होगा। सरकार के आदेशानुसार बोर्ड के अधिकारी लगातार सरस्वती तीर्थ और सरस्वती नदी के विकास कार्यों को लेकर कार्य कर रहे है। इस तीर्थ स्थली को आने वाले समय में और दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

*इस मौके पर नगर पालिका पिहोवा के चेयरमैन आशीष चक्रपाणी, बोर्ड के अधीक्षण अभियंता अरविंद कौशिक, कार्यकारी अभियंता नवतेज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा, भाजपा नेता हन्नु चक्रपाणी, कार्तिक चक्रपाणी, बलबीर गुज्जर, मंडल अध्यक्ष सुखबीर, बाबू राम, नपा सचिव अशोक कुमार, नायब तहसीलदार श्याममल आदि उपस्थित थे।*

# नाबालिग बहनों ने कई लोगों पर लगाया यौन शोषण का आरोप

- महिला थाना पुलिस ने शिकायत पर दर्ज की दो एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महिला थाना पुलिस में दो नाबालिग सगी बहनों की शिकायत पर बुआ, फूफा समेत कई लोगों के खिलाफ यौन शोषण, मारपीट, धमकी और पैसों के लेनदेन के आरोपों में दो एफआईआर दर्ज की हैं।

13 वर्षीय नाबालिग ने शिकायत में बताया कि वह तेजली क्षेत्र की रहने वाली है और उसके साथ उसकी दादी भी रहती हैं। आरोप है कि उसकी बुआ शालू और फूफा अरुण निवासी सावनपुरी, जगाधरी ने उसे बार-बार गलत काम के लिए मजबूर किया। विरोध करने पर मारपीट की गई और जान से मारने की धमकियां दी गई। अलग-अलग समय पर जगाधरी वर्कशॉप का सुभाष और कुरुक्षेत्र का जितेंद्र तथा अंबाला निवासी रमेश ने शराब के नशे में उसके साथ गलत काम किया। आरोप है कि इन गंदे काम के बदले पैसों का लेन-देन भी किया गया। पीड़ति ने यह भी आरोप लगाया कि इंकार करने पर उसे प्रताड़ति किया गया।दूसरी एफआईआर 15 वर्षीय बहन की शिकायत पर दर्ज हुई है। उसने भी बुआ शालू और फूफा अरुण पर जबरन गलत काम करवाने, मारपीट करने, घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। शिकायत में फूफा के एक मित्र सुभाष पर भी जबरदस्ती गलत काम कराने का आरोप है। पीड़ति का कहना है कि बुआ उसके और उसकी बहन के सारे पैसे रख लेती थी और विरोध करने पर लगातार प्रताड़ित करती थी।

## खबर संक्षेप



### नशीले पदार्थ सहित दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की एंटी नारकोटिक्स सेल ने एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए तसवर निवासी गांव खुरगौन, थाना कैराना, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) को काबू किया गया है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह ने बताया कि उक्त मामले में पहले आरोपी साहिल को 11 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया था। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया।



### वाहन चोरी के दो आरोपी किए गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस की एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा अपराधियों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ टीम ने दुपहिया वाहन चोरी के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ इंचार्ज निरीक्षक इंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर की गई। पुलिस टीम ने आरोपी जसबीर उर्फ जसु निवासी गांव प्योंत, कुलविंदर उर्फ कालू निवासी गांव प्योंत को कगाबू किया है। आरोपियों के कब्जे से एक चोरीशुदा बाइक बरामद की गई है।

### हीरामल जमाल सांग का मंचन किया

**घरौंडा।** शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा 24वे सामूहिक विवाह महोत्सव के अवसर पर हरियाणा कला परिषद व संस्था द्वारा आयोजित सांग महोत्सव में हीरामल जमाल सांग का मंचन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नंबरदार पाला राम बस्सी, राममेहर कैमला, प्रमोद पांचाल रहे और विशिष्ट रूप से ग्राम पंचायत डिंगर माजरा व गणपति सेवा समिति उपस्थित रहे। उन्होंने कहां कन्यादान महादान होता है और यह संस्था 24वर्षों से उल्लेखनीय कार्य कर रही है। इस अवसर पर सांग का मंचन पहलवान विष्णु ने किया। सांग में बताया गया कि हीरामल सेठ करोड़ीमल का लड़का होता है जो देश-विदेश में व्यापार करता है।

### घरौंडा में प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं को बताया

# वार्ड स्तर पर निगरानी कमेटी गठित करें : हरविंद्र कल्याण

योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार पूरी तरह से गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घरौंडा



घरौंडा की अग्रवाल धर्मशाला में प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि सामूहिक विकास कार्यों में जनभागेदारी बढ़ाएं। चल रहे विकास कार्यों पर निगरानी के लिए वार्ड स्तर पर समितियों का गठन करें। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा। श्री कल्याण आज घरौंडा की अग्रवाल धर्मशाला में प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि परिवार का मुखिया न केवल सदस्यों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है बल्कि उसे घर की कई तरह की चिंताएं भी रहती हैं। सदस्यों की जरूरतों का भी ध्यान रखना पड़ता है। कुछ जरूरतें जल्दी पूरी हो जाती हैं और कुछ में समय लगता है। श्री कल्याण ने कहा कि वे भी घरौंडा क्षेत्र को अपना परिवार मानते हैं जिसकी तरक्की व खुशहाली के लिए वे अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं।

इस मौके पर पूर्व चेयरपर्सन सुभाष गुप्ता, रमेश गुप्ता, कृष्ण शर्मा तथा कुछ वरिष्ठ नागरिकों ने शहर के विकास के लिए सुझाव रखे। पूर्व चेयरमैन निर्मल बैरागी ने लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजकुमार पालीवाल, नगर पालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, एसडीएम राजेश सोनी, मंडल प्रधान रोहित भंडारी तथा विभिन्न वार्डों के पार्षद भी मौजूद रहे।

#### बच्चों का बौद्धिक विकास भी जरूरी

उन्होंने कहा कि आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर को और अधिक सुंदर व स्वच्छ बनाने तथा बच्चों को संस्कारित बनाने के लिए प्रबुद्धजनों से सुझाव लेना है। श्री कल्याण ने कहा कि क्षेत्र का हर बच्चा तरक्की करे, आत्मनिर्भर बने, परिवार का सम्मान बढ़ाए और राष्ट्र हित में यथासंभव योगदान करे, इस भाव के साथ मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि सुख-दुख जीवन का हिस्सा है। पद अथवा ताकत पाकर व्यक्ति को अंहकार नहीं करना चाहिए। तरक्की केवल भवनों से नहीं होती। बच्चों का बौद्धिक विकास जरूरी है। स्कूलों में अच्छे शिक्षक व अस्पतालों में डाक्टरों का होना आवश्यक है। सरकार इस दिशा में उचित कदम उठा रही है।

#### विकास कार्यों पर निगरानी जरूरी

कल्याण ने कहा कि शहर और सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए मंथन करना होगा। चल रहे विकास कार्यों पर निगरानी के लिए हर वार्ड में कमेटियां गठित करनी होंगी। सरकार के एक-एक पैसे का सदुपयोग होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसी सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार पूरी तरह से गंभीर है। पिछले 11 सालों में घरौंडा हलके में भी विकास के अनेक कार्य कराए गए हैं। अवैध कालोनियों को नियमित करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कानून में बदलाव किया। शहर की करीब 50 कालोनियां वैध घोषित की जा चुकी हैं। इनमें मूलभूत सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं।



करनाल। सम्मानित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण।

# मेधावी विद्यार्थी एवं उत्कृष्ट खिलाड़ी सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि आज एआई का जमाना है। युवाओं को टेक्नालॉजी के साथ आगे बढना है। बड़ों का सम्मान करना है। संस्कृति से जुडकर और संस्कारों के साथ लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में प्रगति करनी है। श्रेष्ठ नागरिक बनना है। खुद की तरक्की के साथ-साथ समाज व राष्ट्र के लिए भी योगदान करना है। कल्याण यहां डा. मंगलसेन आडिटोरियम में रोड़ इम्प्लाईज एसोसिएशन की ओर से आयोजित मेधावी विद्यार्थी एवं उत्कृष्ट खिलाड़ी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

समारोह में 52 खिलाडियों सहित 10वीं और 12 वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 330 मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई। इस मौके पर कल्याण ने कहा कि समारोह में पहुंचे अधिकारी, कर्मचारी व अधिकांश युवा उस समाज से हैं जिसकी पृष्ठभूमि किसानी की है। जिस मुकाम पर आज ये पहुंचे हैं उसके पीछे इनके अभिभावकों की कड़ी तपस्या भी रही है। युवाओं से अपील की कि मां-बाप की इज्जत पर कोई आंच न आने दें, उनके वूसलों और ईमानदारी को बरकरार रखें।

#### शॉर्ट-कट सफलता का रास्ता नहीं

गांव चुहड माजरा में गुरु ब्रह्मानंद की जयंती पर सफल आयोजन के लिए समाज की एकजुटता की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मेहनत करके न केवल परिवार की चिंता करनी है बल्कि संगठित होकर आगे बढना है। परिश्रम के बिना तरक्की संभव नहीं है। शार्ट-कट सफलता का रास्ता नहीं है। उन्होंने चौधरी ईश्वर सिंह, शिवराम वर्मा, चौधरी चंदा सिंह, मुलतान सिंह, हुकम सिंह को याद करते हुए कहा कि इन्होंने अपने समय में समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

# सर्दी से बचने के लिए बच्चों को बांटी जर्सियां

- कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों नो गायत्री मंत्र से किया
- बच्चों ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



करनाल। बच्चों के साथ संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद श्री राधाकृष्ण शाखा की ओर से सेवा भारती हरियाणा के तीन बाल संस्कार केंद्रों के बच्चों को जर्सियां वितरित की गई। कार्यक्रम शास्त्री नगर केंद्र में हुआ, जिसमें आनंद विहार व हकीकत नगर केंद्र के बच्चे भी शामिल हुए। संदीप कुकरेजा व परवीन कुकरेजा के सहयोग से 40 विद्यार्थियों को जर्सियां भेंट की गई। भारत विकास परिषद के सेवा प्रकल्प के तहत यह कार्य किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा गायत्री मंत्र से किया गया। बच्चों ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। बच्चों के माता पिता व अभिभावक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा की कार्यकारी अध्यक्ष निधी चौधरी ने की। अजय चौधरी ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग किया। सेवा भारती के प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गोयल ने भारत विकास परिषद का धन्यवाद किया और सेवा भारती का परिचय प्रस्तुत किया। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष विपिन अरोड़ा ने बाल संस्कार केन्द्रों के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए छात्रावास परीक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की। बच्चों को लड्डु व म_ी वितरण भी किया गया। बच्चों ने रामायण के बारे में भी जानकारी प्रदान की। भारत माता व वंदे मातरम के जयघोष से देशभक्ति का वातावरण निर्मित हुआ। कार्यक्रम का संचालन सचिव देवेन्द्र रोहिला द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष उमेश तनेजा, रश्मि आर्य, ईशानी कुकरेजा, कविश कुकरेजा व सोम मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मौनी अमावस्या पर भक्तों ने किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



करनाल। मौनी अमावस्या पर किया हवन यज्ञ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्री कृष्ण गोशाला में मौनी अमावस्या के अवसर पर हवन यज्ञ किया गया। मुख्य यजमान के रूप में बलबीर लाठर, रामलाल सिंगला व दिनेश तनेजा ने शिरकत की। हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर विश्व शांति, परिवारों में सुख समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण की कामना की गई। इस मौके पर प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि माघ माह में पडऩे वाली अमावस्या को मौनी अमावस्या कहा जाता है। यह बहुत ही पुण्यदायी समय होता है। जो व्यक्ति आज के दिन अपने आसपास की नदियों में स्नान करता है, उसे कुंभ के स्नान के बराबर फल मिलता है। इस दिन दिन सभी देवी देवता और ऋषि मुनि भी धरती पर स्नान के लिए आते हैं। गंगा स्नान करने के बाद तिल, गुड़, अन्न, गर्म वस्त्र इत्यादि का दान करता है, उसे सहस्त्र वर्षों तक पुण्य फल की प्राप्ति होती है। कार्यकारी प्रधान डा. एसके गोयल ने कहा कि श्री कृष्ण गऊशाला में परंपरा के तहत अमावस्या पर हवन यज्ञ किया गया है। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में पूर्णिमा और अमावस्या के अवसर पर हवन यज्ञ गऊशाला के देवधाम में किया जाता है।



करनाल। शिव स्तुति करते हुए श्रद्धालु।

#### श्री राम मंदिर में शिव स्तुति का पाठ किया

करनाल। शहर के सेक्टर-आठ स्थित श्री राम मंदिर में रविवार सुबह शिव स्तुति का पाठ किया गया। सायंकाल में श्री सुंदरकांड का पाठ हुआ। शिव योगी दीदी योगिता जी जूना अखाड़ा ने भोलेनाथ को पुष्प अर्पित किए। भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। पंचामृत स्नान दूध, दही, घी, शक्कर व शहद से करवाया गया। पंडित हरीश आचार्य ने मंत्र उच्चारण के साथ पूजन कार्य करवाया। शिव योगी योगिता दीदी ने कहा कि भगवान शिव आदि और अनंत रूप में हैं। जब से सृष्टि का निर्माण हुआ है शिव ही पालने वाले और संहारक हैं। भजनों की गंगा में अनु खट्टर अरे अंगना में आए भोलेनाथ सखी री मैं क्या मांगू क्या मांगू मैं क्या मांगू भजन गाया। इसके बाद पंचाक्षरी मंगलम एवं महामृत्युंजय मंत्र का सामुहिक जाप किया गया।

# निशान यात्रा के लिए जत्था हुआ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



करनाल। निशान यात्रा के लिए करनाल से रवाना होते हुए श्याम प्रेमियों का जत्था।

रविवार को करनाल के श्याम प्रेमी चुलकाना धाम में श्याम बाबा के दर्शनों के लिए रवाना हुए। पुरानी अनाजमंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बस को रवाना किया गया। श्याम प्रेमी पंकिल गोयल ने नारियल फोड़ कर यात्रा की शुरूआत की। सभी श्रद्धालुओं ने पानीपत के समालखा में अनाजमंडी से चुलकाना धाम तक पैदल निशान यात्रा की। श्रद्धालु हाथों में निशान (जय श्री श्याम लिखे ध्वज) लेकर चले। चुलकाना धाम के पुजारी देवेंद्र पुजारी का विशेष आशीर्वाद भी श्याम प्रेमियों को प्राप्त हुआ। यात्रा का आयोजन श्री श्याम बाला जी संगम सभा द्वारा किया गया। इस मौके पर पंकिल गोयल ने श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से 18 फरवरी से एक मार्च तक मनाए जाने वाले श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव का निमंत्रण सभा के सदस्यों को दिया। निमंत्रण कार्ड के साथ श्याम नाम लेखन पुस्तिका भी भेंट की गई। इस पुस्तिका में 30 श्याम नाम की माला लिखी जा सकती हैं। 12 दिवसीय फाल्गुण महोत्सव में देशभर में अलग-अलग कलाकार श्याम बाबा का गुणगान करने के लिए पहुंचेंगे। श्याम प्रेमी तैयारियों में जुटे हुए हैं। पंकिल गोयल ने बताया कि उत्सव के दौरान रोजाना भंडारा लगाया जाएगा।



करनाल। प्रभातफेरी में भाग लेते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

#### महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी निकाली

करनाल।श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा पुराना सर्राफा बाजार करनाल की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही है। रविवार को प्रभातफेरी सेक्टर सात पहुंची, जहां लोगों ने पुष्प वर्षा कर भोलेनाथ की पालकी व श्रद्धालुओं का स्वागत किया। हर हर महादेव के जोरदार जयकारे लगाए गए। बच्चों ने भी भोलेनाथ की आरती की। ढोल की थाप पर शिव भक्त नाचते नजर आए। प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस बीच एक फरवरी से 13 फरवरी तक सांग और रागिणी क पीटिशन का आयोजन किया जाएगा।

# ब्रह्मा बाबा स्मृति दिवस पर तरावड़ी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, दिखी आस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरावड़ी



तरावड़ी। आश्रम की संचालिका सुदेश बहन प्रवचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तरावड़ी में ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस पर भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तरावड़ी के अलावा आसपास के गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहनों ने पहुँचकर शांति, सद्भाव और आत्मिक उन्नति का संकल्प लिया। सुबह आरंभ हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम सामूहिक राजयोग ध्यान कराया गया, जिसमें उपस्थित जनों ने मन को निराकार परमात्मा शक्ति से जोडक़र आध्यात्मिक अनुभव का आनंद लिया। आश्रम की संचालिका सुदेश बहन ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि ब्रह्मा बाबा ने जीवनभर पवित्र चिंतन, सेवा भाव और आत्म-जागृति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में तनाव, क्रोध और नकारात्मकता मनुष्य की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं, जिनका समाधान केवल सकारात्मक सोच, शांति और आत्म-परिवर्तन से ही संभव है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने घर और समाज में प्रेम, धैर्य और सहयोग का वातावरण बनाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेश अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, रमेश गर्ग, रामकुमार गुप्ता, पवन मित्तल,रजनी चौधरी, इन्दु बंसल, सुषमा चावला, निर्मला कटारिया, सुलोचना, सुमन, सरोज सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्मभोज रूपी प्रसाद वितरण किया गया और शांति धुन के साथ वातावरण आध्यात्मिकता से भर उठा।

#### कार्यक्रम में आध्यात्मिक गीत प्रस्तुत भी किए

इंदु बहन ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान का उद्देश्य मनुष्य को स्वयं की पहचान कराना है, ताकि वह आत्मबल और स्थिरता के साथ जीवन को बेहतर दिशा दे सके। कार्यक्रम में आध्यात्मिक गीत, अनुभव-चर्चा और ध्यान साधना के सत्र भी आयोजित किए गए, जिनसे उपस्थित लोगों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।

### भक्ति निःस्वार्थ हो तो भगवान स्वयं भक्त के द्वार आते हैं : रामायणी

# कथा में सबरी के प्रसंग का सुंदर प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरावड़ी




तरावड़ी। श्रद्धालुओं को कथा सुनाते कथा व्यास श्री प्रहलाद मिश्रा रामायणी

श्री हनुमान सेवा समिति रजि. तरावड़ी की ओर से मां अन्नपूर्णा धाम आश्रम एवं अन्नक्षेत्र गुलाब कॉलोनी स्थित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों का शुभारंभ शनिवार को बैंड-बाजों, विधिवत पूजा-अर्चना व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बड़े श्रद्धा व हर्षोल्लास से किया गया। महोत्सव के दूसरे दिवस प्रातः पंडित मोहन लाल एवं अन्य विद्वान आचार्यों द्वारा पूजन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाए गए, जिनमें समिति के सदस्यों ने परिवार सहित सहभागिता की। आज के कार्यक्रम में मुख्य यजमान के पवन अग्रवाल ने भाग लिया। महोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पवन अग्रवाल द्वारा विधिवत ज्योत प्रचंड कर किया गया। इस अवसर पर पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। दूसरे दिन की कथा में कथा व्यास श्री प्रहलाद मिश्रा रामायणी जी ने श्रीराम कथा का भावपूर्ण एवं विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने जटायु प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि जटायु साहस, कर्तव्य और धर्म का प्रतीक है, जिसने वृद्धावस्था में भी माता सीता की रक्षा के लिए रावण से युद्ध कर अपने प्राणों का बलिदान दिया। भगवान श्रीराम द्वारा जटायु को पुत्रवत सम्मान देकर अंतिम संस्कार करना यह दर्शाता है कि प्रभु के लिए केवल भक्ति और कर्म ही सर्वोपरि हैं। कथावाचक रामायाणी ने शबरी प्रसंग का भी सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि शबरी का जीवन धैर्य, प्रतीक्षा और निष्काम भक्ति का अनुपम उदाहरण है। वर्षों तक प्रभु श्रीराम की प्रतीक्षा में शबरी ने अपने जीवन को सेवा और साधना में समर्पित कर दिया। जब भगवान श्रीराम शबरी के आश्रम पहुंचे, तो उन्होंने प्रेमपूर्वक जूठे बेर अर्पित किए, जिन्हें प्रभु ने आनंदपूर्वक स्वीकार किया।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे उपस्थित श्रद्धालुगण व समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### कार्यक्रम उपरांत प्रसाद का वितरण किया

कार्यक्रम उपरांत श्रद्धालुओं के लिए दोनों समय लंगर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कथा महोत्सव में बालकिशन त्रिपाठी, अमन शर्मा, विपिन छाबड़ा, प्रदीप गर्ग, अनिल सिंगला, वेद काटरिया, सुरेश गुप्ता, अशोक लूथरा, पार्षद नरेश गाबा, अशोक काठपाल, संजय गाबा सहित समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कृषि उत्थान को वचनबद्ध है सरकार

**पानीपत।** हरियाणा सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को जमीन पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए उपायुक्त पानीपत डॉ. वीरेंद्र दहिया निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन और फोकस के चलते जिले के किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि पराली प्रबंधन योजना के अंतर्गत किसानों को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया है। वहीं, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. आत्मा राम गोदारा ने बताया कि इस योजना के तहत जिले में 298 कृषि यंत्रों पर कुल 2 करोड़ 58 लाख रुपए की सब्सिडी दी गई है, जिससे किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन में आधुनिक तकनीक अपनाने में मदद मिली है।

### पंजाब में आप सरकार नाकाम

**पानीपत।** नॉर्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आर्गेनाइजेशन की बैठक लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मलिक ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार जनता की सेवा करने में नाकाम सबित हुई है। बैठक में राजपाल कश्यप, राजेश वर्मा, राधेश्याम, कर्मवीर सरपंच, देवेंद्र राणा, परमजीत, स.जगजीत सिंह, दिनेश शर्मा कुराना, वेदपाल मराठा, डा. सोहन लाल, देवेंद्र, रविंद्र मलिक, विजेंद्र, प्रेम सिंह रावल, मांगेराम मलिक, शंभू यादव, नेम पाल कश्यप, गगन देशवाल व प्रियंका शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### महारानी दिद्दा को नमन किया

**पानीपत।** पानीपत के गोहाना स्थित विश्वकर्मा कॉलोनी की विश्वकर्मा पांचाल धर्मशाला में महारानी दिद्दा विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। वहीं महारानी दिद्दा को गोहाना नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन राजेश देवी पांचाल, अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य आजाद सिंह डांगी, नगर पार्षद विजय पांचाल, जय भगवान पांचाल, राजेंद्र पांचाल, सुरेश पांचाल, सुरेश पंवार, विनोद डांगी, सत्यवती पांचाल, रामनिवास पांचाल, बलवान जादूगर, आजाद धर्रा, सुनील सिंधु, जसवंत पांचाल, निर्मला पांचाल, मुख्तार सिंह डांगी, रामनिवास पांचाल व भानेराम पांचाल ने श्रद्धांजलि दी।

### पांचाल सभा का चुनाव 30 को

**पानीपत।** श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के कार्यकारिणी के तीस जनवरी को होने वाले चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी विपिन पांचाल एवं डा.इंद्रपाल पांचाल के समक्ष रोहतास पांचाल, सुनील पांचाल, सुरेश कुमार, ममता रानी, मांगेराम ऋषिपाल, रविंद्र पांचाल, विनोद पांचाल बिट्टू, बबलू पांचाल, जितेंद्र पांचाल, विजेंद्र पांचाल, जयपाल पांचाल ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किया।

### कंपनी सचिव संस्थान की बैठक हुई

**पानीपत।** कंपनी सेक्रेटरी की भूमिका केवल कानूनी प्रावधानों के अनुपालन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे कॉरपोरेट सुशासन, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों के सशक्त प्रहरी हैं। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के पानीपत चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विनोद शर्मा, दीपांशु कपूर, राहुल जोगी, नीरज जैन, हर्ष ओबरॉय आदि उपस्थित रहे।

### मोक्ष तीर्थ आपगा में गूंजे वैदिक मंत्र

**कुरुक्षेत्र।** माघ मास की अमावस्या के पावन अवसर पर प्राचीन मोक्ष तीर्थ आपगा के जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण के उद्देश्य से एक भव्य धार्मिक अनुष्ठान एवं समारोह का आयोजन किया गया। मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर रविवार को प्रातः 11 बजे आपगा तीर्थ के पावन तट पर पूर्ण विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया।

## सामाजिक सद्भावना व समरसता सम्मेलन आयोजित

# संत कबीर की शिक्षाएं अपनाकर बनेगा समतामूलक समाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। राष्ट्रीय कबीरपंथी जुलाहा विकास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ओमवीर पंवार, कंबल बांटते हुए।

राष्ट्रीय कबीरपंथी जुलाहा विकास महासभा के तत्वावधान में समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम, समता, सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सामाजिक सद्भावना एवं समरसता सम्मेलन हुआ। वहीं, अपने संबोधन में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि यह सम्मेलन सद्गुरु कबीर साहेब के मानवतावादी विचारों एवं समरस समाज की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि समाज को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने का संदेश को लेकर जन जन तक पहुंचाने के लिए समाज के युवाओ को प्रेरित करने का कार्य महासभा करेगी। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब ने सद्भाव, समता और मानवता का जो संदेश दिया, वही आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वहीं, सम्मेलन में जरूरतमंदों को कंबल भेंट किए गए। इस अवसर पर मास्टर देवेंद्र पंवार, विकास कर्ण, अरविंद पंवार, अमरपाल तोमर, राजकुमार, महेंद्र, देवेंद्र, प्रमोद, राजेंद्र कुमार, विकास कर्ण, सत्यपाल, पदम सिंह, अजब सिंह, बलराज आर्य, अधिवक्ता अजमेर सिंह, रसमकुमार, नरसिंह डागर, मास्टर विनोद कुमार, सोमपाल भाटी, सन्त कुमार प्रधान, लोकेश ,रोहित, रामकुमार तुंवर, देशरसज, धर्मेंद्र प्रधान, मास्टर नवीन मुडाल, डॉ. मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## फैला उजियारा फाउंडेशन ने दिव्यांगों को कंबल बांटे



पानीपत। फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष रंजीता कौशिक निर्धन दिव्यांगों को कंबल भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ मानवता की सेवा का संदेश देता है जय जय भारत देश अभियान- कौशिक

**पानीपत।** प्रमुख सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा संचालित जय जय भारत देश कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को जिले के गांव बुआना लाखु में निर्धन दिव्यांग महिला और पुरुषों को सर्दी से बचाव के लिए सहायतार्थ कंबल भेंट किए गए। वहीं, फाउंडेशन की अध्यक्ष रंजीता कौशिक ने कहा कि जय जय भारत देश कार्यक्रम केवल एक सेवा अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति से जुड़ा जनआंदोलन है। जब हम भारत के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, तब ही सच्ची देशसेवा होती है। हमारा देश गांवों में बसता है और गांव मजबूत होंगे तभी भारत सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जन हमारी शक्ति हैं और उन्हें सम्मान देना भारत माता की सेवा करने जैसा है। यह कार्यक्रम लोगों में चेतना, जागरूकता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करेगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच महावीर मलिक, कोच नरेंद्र मलिक, पूर्व मैनेजर बलवान घनघस, नरेंद्र मलिक, आकाश मलिक, एडवोकेट दीपक, अमित मलिक, मंजीत मलिक, महावीर मलिक, सिकंदर मलिक, दिनेश राजबाला, अंशु मलिक, पूजा मलिक समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चुलकाना धाम निशान यात्रा की तैयारी शुरू

**पानीपत।** पानीपत में इक्कीस फरवरी को चुलकाना खाटू श्याम धाम की यात्रा को लेकर तैयारियां चल रही है। वृंदावन ट्रस्ट द्वारा इस परंपरागत यात्रा को पिछले 14 वर्षों से निकाला जा रहा है। कई हजारों की संख्या में झंडों का निर्माण कुशल कारीगरों से कराया जा रहा है। इन निशान ध्वज को ट्रस्ट सूरत से लेकर आई है। वृंदावन ट्रस्ट के संरक्षक विकास गोयल व अध्यक्ष राकेश बंसल ने बताया कि गुजरात प्रदेश के सूरत शहर से झंडे बनवाए गए हैं। इस अवसर पर हरीश बंसल, सुनीता भारद्वाज, सोमदत्त शर्मा, दयानंद, पुनीत गर्ग, नवीन गर्ग, मुकेश गोयल, बलदेव गांधी, जोगिंदर कुंडू, राहुल गुप्ता, गोरस बंसल, दिनेश गर्ग, विशाल गुप्ता इशू गोयल आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। पर्यावरण प्रेमी व शिक्षक दीपक वर्मा पौधे रोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पर्यावरण प्रेमी शिक्षाविद् दीपक ने शुरू किया पौधरोपण

**पानीपत।** पानीपत के गांव महायुदिनपुर थिराना निवासी पर्यावरण प्रेमी व शिक्षक दीपक वर्मा ने चालू वर्ष में 1100 पौधे रापने व उनकी जवान होने तक देखभाल करने का अभियान रविवार को पौधे रोप कर की। वर्मा ने कहा कि पर्यावरण घना करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। स्मरणीय है कि दीपक वर्मा पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वर्मा अभी तक पांच हजार से अधिक पौधे विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, सड़क किनारे और खाली पड़ी भूमि में रोप चुके है। वहीं, दीपक वर्मा गवर्नमेंट माडल हाई स्कूल, पॉकेट वन, मनीमाजरा, सेक्टर तेरह, चंडीगढ़ में टीजीटी गणित विषय के अध्यापक है। वर्मा, शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं स्कूल के विद्यार्थी भी पर्यावरण को घना करने के लिए पौधे रोपते है। इधर, दीपक ने कहा कि हर नागरिक को पर्यावरण के महत्व को समझते हुए अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपते हुए उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए। पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी।

## हिंदू समाज पर चौतरफा प्रहार हो रहे हैं : आर्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। वैदिक परिवार एवं सेवा भारती हरियाणा की संगोष्ठी में शिरकत करते अतिथिगण।

पानीपत की शास्त्री कॉलोनी, गोहाना रोड पर स्थित सेवा भारती स्कूल में वैदिक परिवार एवं सेवा भारती हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में गायत्री महायज्ञ एवं हिंदू समाज के समक्ष वर्तमान चुनौतियां पर विचार संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता दिल्ली प्रदेश आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री विनय आर्य ने कहा कि आज हिंदू धर्म के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती उसके अस्तित्व की है। वहीं, हिन्दू समाज पर चारों ओर से प्रहार हो रहे हैं। हमें बौद्धिक होकर सशक्त होकर इन हमलों का सामना करना है। जबकि आरएसएस के प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश गोयल ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी का युग है हमें हमें अपने धर्म के प्रचार प्रसार के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए हिन्दू धर्म में समरसता को बढ़ावा देना चाहिए। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को सनातन संस्कार प्रदान करें। कार्यक्रम में विधायक प्रमोद विज, एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, पार्षद रोकी गहलोत, डॉ. पवन बंसल प्रधान व महासचिव डॉ. राजवीर आर्य वैदिक परिवार, मुकेश गुप्ता, वैदिक परिवार के महासचिव डॉ. राजवीर आर्य, ईश कुमार राणा, रविंद्र तोषामड़, रमेश सैन, नीलम राणा, मंजू सैन, नेहा शर्मा, आरती गहलोत आदि ने भाग लिया। वहीं, यज्ञ आचार्य संजीव वेदलंकार ने वैदिक मंत्रो के द्वारा करवाया गया।



पानीपत। आईबी कॉलेज के स्वयं सेवक विद्यार्थी साक्षरता जागरूकता रैली निकालते हुए।

## इंसान को जिम्मेदार नागरिक बनाती है शिक्षा : डॉ. शशि

■ स्वच्छता और साक्षरता के प्रति जागरूकता के लिए विद्यार्थियों ने रैली निकाली

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा गांव खोतपुरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिन का शुभारंभ स्वयंसेवकों द्वारा 'वंदे मातरम' के गायन और योगाभ्यास के साथ हुआ। वहीं, स्वयंसेवकों ने गांव में घर-घर जाकर साक्षरता अभियान चलाया। इधर, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने स्वयं सेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि साक्षरता अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के हर नागरिक को शिक्षित बनाना है। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे हम समाज और देश को प्रगति की राह पर ले जा सकते हैं। जब लोग अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझेंगे, तभी एक समृद्ध भारत का निर्माण होगा। साक्षरता अभियान के बाद स्वयंसेवकों ने गांव में स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत रैली निकाली। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि गंदगी बीमारियों की जड़ है। बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए अपने आसपास सफाई रखना अत्यंत आवश्यक है।

*ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का हुआ आयोजन*

## पिताश्री ब्रह्मा बाबा को स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि दी

■ मानव कल्याण के लिए दी गई शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस में भाग लेतीं बीके बहनें।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस के अवसर पर रविवार को पानीपत की ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन को प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के देह त्याग दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पानीपत की महापौर कोमल सैनी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश शर्मा ने शिरकत की। सेवा केंद्र की संचालिका बीके कविता बहन ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के जीवन, उनके महान गुणों, आध्यात्मिक दृष्टिकोण एवं मानव कल्याण के लिए दी गई शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से बाबा की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर महापौर सैनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की शिक्षाएं आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं और आत्मिक शांति व सकारात्मक जीवन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने के कार्य की सराहना की। जबकि जज शर्मा ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की स्मृति में निर्मित शांति स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा बाबा की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया।



पानीपत। साध्वी सुश्री अंबला भारती सत्संग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## देश की तरक्की में बाधा है लैंगिक भेदभाव : भारती

**पानीपत।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान पानीपत आश्रम में रविवार सत्संग समागम में सर्वश्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री अंबला भारती ने नारी की जागृति के लिए विचार देते हुए कहा की हमारा समाज जितना भी कह लें कि अब तो समय बदल चुका है यह तो पुरानी बातें हैं हमारे घरों में भेदभाव नहीं होता सच तो ये है कि लड़के लड़की के बीच भेदभाव आज भी आधुनिक जीवन की कडवी सच्चाई है। उन्होंने कहा कि जब जब समाज के पुरुषों ने नारी को शौर्य बल विहीन अबला और मात्र कामिनी के रूप में देखकर उसके सामर्थ्य का न्यूनतम आंकलन किया तब तब समाज में कुछ जागृत महिलाएं परिवर्तन प्रतिनिधि बनकर सामने आई है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को शिक्षित करें, उनके साथ भेदभाव न करते हुए उन्हें भी विकास के अवसर उपलब्ध करवाए। नारी समाज तरक्की करेगा तभी भारत आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनेगा।

## ग्रामीण समृद्धि का नया आधार बनेगी जी राम जी योजना : भट्ट




पानीपत। भाजपा की जिला स्तरीय जी राम जी विधेयक ग्रामीण भारत कार्यशाला को संबोधित करते जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

■ 125 दिन का रोजगार व सात दिन में भुगतान, मोदी ने पूरा किया

**पानीपत।** पानीपत में भाजपा के कार्यालय श्याम कमल में रविवार को जिला स्तरीय जी राम जी विधेयक ग्रामीण भारत कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने की। प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता मुख वक्ता के रूप में मौजूद रही। जबकि आरडी कल्याण, पंकज गुलयानी, सुभाष कुहाड़, रोशन लाल मेहला, राजेश भारद्वाज, कृष्ण दुग्गल विशेष वक्ता के रूप में मौजूद रहे। जिला महामंत्री सुनील कंसल ने सभी का स्वागत किया ओर उपाध्यक्ष संजय त्यागी ने कार्यशाला के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मीना छोक्कर ने सभी का धन्यवाद किया। वहीं, दुष्यंत भट्ट ने कहा कि कहा परिवर्तन प्रकृति का नियम है और परिवर्तन से ही विकास होता है इसलिए जनकल्याणकारी योजनाओं में भी समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप समय समय पर परिवर्तन किए जाते रहे हैं। जी राम जी योजनाग्रामीण समृद्धि का नया आधार बनेगा। इसी के दृष्टिगत जी राम जी मिशन लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय की खामियों को दूर करते हुए मोदी सरकार ने अब रोजगार की गारंटी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया है और नए कानून के तहत 7 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया गया है। भट्ट ने कहा कि हरियाणा की गणना देश के विकसित प्रदेशों में होती है और हरियाणा को ही केंद्र व प्रदेश की योजनाओं को सबसे पहले सफल बनाने का श्रेय भी जाता है। इसलिए कार्यकर्ता जी राम जी योजना को भी सफल बनाने में पूर्ण संयोग दें।

### प्रयाग स्कूल में विद्यार्थियों का धमाल

**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल पानीपत में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए दसवेदानिया विदाई समारोह आयोजित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए यह समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विद्यालय के प्रांगण में पहुंचने पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उनके अच्छे प्रदर्शन की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जमकर धमाल किया। इस अवसर पर अंजू गुप्ता, प्राचार्या ममता सचदेवा, अशोक कुमार, स्पोर्ट्स डायरेक्टर सुनील राठी, अलका बत्रा, स्कूल के वाइस चेयरमैन कार्तिक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**शिविर** — आदर्श एक विश्वास के कैंप में 70 नागरिकों ने रक्तदान किया

# धरती पर भगवान का स्वरूप हैं रक्तदाता : संत लोकेश

■ जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आदर्श एक विश्वास सोसायटी द्वारा कच्चा कैंप स्थित शिवालय मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। संस्था के प्रधान नवीन मुंजाल, गौरव तागरा के नेतृत्व में यह शिविर थैलेसीमिया पीड़ितों और जरूरतमंद मरीजों के लिए यह रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि संत लोकेश दास महाराज व विधायक प्रमोद विज ने संयुक्त रूप से किया। वहीं विशेष अतिथि के रूप में डा.संजय सेन, डा.जगजीत आहूजा, पार्षद सांची तनेजा, कपिल अनेजा, विशाल चावला, दिनेश खुराना व सोनिया गाबा मौजूद रही। मुख्यातिथि संत लोकेश दास महाराज ने कहा कि रक्तदाता धरती पर भगवान का स्वरूप है। उन्होंने नवीन मुंजाल व कशिश ढींगरा की निष्काम सेवा की सरहाना की। इधर, शिविर में समाजसेवी तरुण खुराना ने 84वीं बार रक्तदान किया। जबकि कैंप में 70 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इस अवसर पर डा.पारस सहगल, अशोक कालड़ा, अजय दूबे, अंकित शर्मा, मनु सेटिया, रेनु सैनी रोहित ढींगरा आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। संत लोकेश दास महाराज रक्तदाता नवीन मुंझाल को आशीर्वाद देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षाविद् शास्त्री को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड़ स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में गोमाता की रक्षा के लिए तिहाड़ जेल में रहे स्व.जगदीश चंद शास्त्री के आठवीं पुण्यतिथि व राज्यपाल आचार्य देवव्रत के जन्मदिन पर हवन किया गया। हवन में भगवान से राज्यपाल आचार्य देवव्रत के स्वस्थ्य जीवन की मंगल कामना की, वहीं स्व.जगदीश चंद शास्त्री की आत्म की शांति की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर रामनिवास आर्य, अमित शास्त्री, स्कूल चैयरमेन राजेश कुमार, डा. श्यामलाल, रामभूल त्यागी, कुलदीप देशवाल, जीत देशवाल, तेजवीर देशवाल, प्रताप फोर, योगेश देशवाल, बिंदर देशवाल, अनिल देशवाल, इंद्र, सुखबीर, देवेंद्र मास्टर, सुरेश शर्मा, सत्यवान शर्मा, अजय शर्मा, नीलम, शीला, देवकी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नशीले कैप्सूल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** बराड़ा पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक आरोपी को 576 अवैध नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी चौकी रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी प्रदीप कुमार अवैध नशीले कैप्सूल बेचता है। पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उसके पास से 576 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप कुमार के रूप में हुई है।

### थंबड में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** गांव थंबड में हुई चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी विशाल कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। शिकायतकर्ता जसबीर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके घर से विशाल ने कीमती सामान/जेवर चोरी कर लिए हैं। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### महाकाली मंदिर में मनाए जाएंगे गुप्त नवरात्र

**नारायणगढ़।** महाकाली मंदिर में गुप्त नवरात्रि पर्व बड़े श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। मंदिर के पूजारी आचार्य राम चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि गुप्त नवरात्री पर्व 19 से 27 जनवरी प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक पूजन और सांय 4 बजे से 6 बजे तक महिला कीर्तन किया जाएगा। तत्पश्चात सांय 6.30 बजे पंच मेवा प्रशाद का भोग लगाया जाएगा। रोजाना श्री रामकृष्ण परमहंस द्वारा की गई मातारानी स्तुति पाठ किया जाएगा।

### आत्मसंयम की साधना का पर्व मौनी अमावस्या

**सीवन।** मौनी अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री सनातन धर्म मंदिर के आचार्य महेश शर्मा ने कहा कि मौनी अमावस्या भारतीय परंपरा में आत्मचिंतन, संयम और मानसिक शुद्धि का विशेष पर्व माना जाता है। यह तिथि व्यक्ति को बाहरी भागदौड़ से हटकर अपने भीतर झांकने और जीवन को संतुलित करने की प्रेरणा देती है। मौनी अमावस्या का मूल संदेश मन, वाणी और कर्म में शांति स्थापित करना है। इस दिन मौन का विशेष महत्व बताया गया है।

### छात्रवृत्ति के लंबित मामलों पर एबीवीपी का कड़ा रुख

**जींद।** एबीवीपी जींद इकाई ने हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय पंचकूला द्वारा जारी पोस्ट मैट्रिक, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति एससी व अन्य वर्ग से संबंधित रिमाइंडर पत्र का संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इकाई अध्यक्ष राहुल ने बताया कि निदेशालय के पत्र में स्पष्ट है कि शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 की छात्रवृत्ति से जुड़े अनेक आवेदन अभी तक एल 1 एवं एल 2 स्तर पर लंबित हैं।

### पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र

**कैथल।** डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलो तक का सोलर पैनल पर केंद्र 60 हजार व प्रदेश सरकार 50 हजार रुपये अनुदान देते है।

---

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्य तिथि धूमधाम से मनाई

# ब्रह्मा बाबा ने संपूर्णता की स्थिति प्राप्त कर त्यागी थी देह: ब्रहमाकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नारी शक्ति का विश्व का सबसे बड़ा और विशाल संगठन की नींव रखने वाले ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की रविवार को 57वीं पुण्य तिथि मनाई। इसे लेकर दयाल बाग सेवा केंद्र सहित अन्य सभी सेवा केंद्रो को विशेष फूलों से सजाया गया। संपूर्णता प्राप्ति मास में विशेष बाबा की याद में 1 जनवरी व उससे भी पहले से ही सभी परिसरों में विशेष योग-तपस्या जारी है। मौन योग साधना से बाबा को सभी ने अपनी पुष्पांजली अर्पित की। अंबाला सबजोन की निर्देशिका राजयोगिनी ब्रहमाकुमारी आशा दीदी ने बताया 18 जनवरी 1969 को 93 वर्ष की आयु में ब्रह्माकुमारीज़ के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने संपूर्णता की स्थिति प्राप्त कर देह त्यागी। बाबा की त्याग-तपस्या का परिणाम है कि खुद पीछे रहकर नारी शक्ति को आगे बढ़ाया और आज पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति अध्यात्म का परचम फहर रहा है। नारी नरक का द्वार नहीं सिर का ताज है नारी अबला नहीं सबला है, वह तो शक्ति स्वरूपा है।

**बाबा की त्याग-तपस्या का परिणाम है कि खुद पीछे रहकर नारी शक्ति को आगे बढ़ाया**


अंबाला। समारोह में मौजूद बीके बहनें व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### जायजाद बेचकर एक ट्रस्ट बनाया

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी के उत्थान के संकल्प के साथ उसे समाज में खोया सम्मान दिलाने, भारत माता, वंदे मातरम् की गाथा को सही अर्थों में चरितार्थ करने वर्ष 1937 में उस जमाने के हीरे-जवाहरात के प्रसिद्ध व्यापारी दादा लेखराज कृपलानी ने परिवर्तन की नींव रखी। नारी उत्थान को लेकर उनका दृढ़ संकल्प ही था कि उन्होंने अपनी सारी जमीन-जायजाद बेचकर एक ट्रस्ट बनाया और उसमें संचालन की जिम्मेदारी नारियों को सौंप दी। इतने बड़े त्याग के बाद भी खुद को कभी आगे नहीं रखा। लोगों में परिवारवाद का संदेश न जाए इसलिए बेटी तक को संचालन समिति में नहीं रखा। उन्होंने अपने जीवन में जो मिसाल पेश की उसे आज भी लाखों लोग अनुसरण करते हुए राजयोग के पथ पर आगे बढ़ते जा रहे हैं। संस्थान की मुख्य शिक्षा और नारा है- स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना।



### 5 दिसंबर 1876 में जन्मे

5 दिसंबर 1876 में जन्मे दादा लेखराज बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और ईमानदार थे। उन्हों परमात्म मिलन की इतनी लगन थी कि अपने जीवन काल में 12 गुरु बनाए थे। वह कहते थे कि गुरु का बुलावा मतलब काल का बुलावा। 60 वर्ष की आयु में वर्ष 1936 में उनको दुनिया के महाविनाश और नई सृष्टि का साक्षात्कार हुआ। इसके बाद उन्होंने परमात्मा के निर्देशन अनुसार अपनी सारी चल-अचल संपत्ति को बेचकर माताओं-बहनों के नाम एक ट्रस्ट बनाया, उस समय संस्थान का नाम ओम मंडली था। ब्रह्माकुमारी संस्थान नारी शक्ति द्वारा संचालित दुनिया का सबसे बड़ा और एकमात्र संगठन है। यहां मुख्य प्रशासिका से लेकर प्रमुख पदों पर महिलाएं ही हैं। नारी सशक्तिकरण का इससे बड़ा उदाहरण। यहां के भोजनालय में भाई भोजन बनाते हैं और बहनें बैठकर भोजन करती हैं। संगठन की सारी जिम्मेदारियों को बहनें संभालती हैं और भाई उनके सहयोगी के रूप में साथ निभाते हैं। संस्थान के इस समय विश्व के 140 देशों में पांच हजार से अधिक सेवा केंद्र संचालिता हैं। साथ ही 46 हजार ब्रह्माकुमारी बहनें समर्पित रूप से तन-मन-धन के साथ अपनी सेवाएं दे रही हैं। 20 लाख से अधिक लोग इसके नियमित विद्यार्थी हैं।

## हीरे के कारोबारी थे ब्रह्मा बाबा कम होती गई कारोबार में रुचि



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से रविवार को ब्रह्मा बाबा का स्मृति दिवस मनाया गया। सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी बीके हरदीप दीदी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1936 से पहले दादा लेखराज जो एक हीरे के व्यापारी थे गृहस्थ जीवन व्यतीत कर रहे थे कि अचानक आंतरिक प्रेरणा आई कि वास्तव में हमारे जीवन को चलने वाली शक्ति कौन है ?मैं कौन हूं? और परमात्मा को जानने की उनकी तीव्र इच्छा हुई तभी से उनकी रुचि इन सांसारिक कार्यों से हटने लगी। उन्हें वैराग्य वृत्ति आने लगी उन्होंने अपने जीवन में कई गुरुओं को धारण किया हुआ था। उनकी शिक्षाओं पर वह चलते थे लेकिन उनकी जो अंदर की तीव्र जिज्ञासा थी वह कहीं से भी शांत न हुई तब 1936 में अचानक उन्हें स्वयं भी पता नहीं चला जब निराकार ज्योति बिंदु परमपिता परमात्मा शिव उनके तन में अवतरित हुए अचानक सत्संग से उठकर वह कमरे में गए जहां उन्हें परमात्मा का साक्षात्कार हुआ। इसके पश्चात परमात्मा ने उन्हें इस कलयुग की दुनिया के विनाश का तथा आने वाली सतयुग की दुनिया का भी साक्षात्कार कराया उस समय भी उनको ज्यादा स्पष्ट नहीं हुआ कि परमात्मा उनके द्वारा क्या करना चाहते हैं लेकिन धीरे-धीरे परमात्मा के महा वाक्य जब उनके मुख से उच्चारे गए तब उन्हें समझ आता गया कि ज्योति बिंदु शिव परमात्मा जो जन्म मरण से न्यारा है वह ब्रह्मा बाबा के माध्यम से कलयुग को अच्छी दुनिया सतयुग बनाना चाहते हैं।

### प्रत्येक शाखा में मनुष्य के विकारों को करते हैं दूर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रत्येक शाखा में मनुष्य के विकारों को दूर करके उसके अंदर अच्छे परिवर्तन लाए जाते हैं और यह कार्य हर मनुष्य अपनी इच्छा से करता है। बच्चे हैरान हो जाते थे उसे समय उन्हें बहुत लोगों का विरोध भी सहन करना पड़ा लेकिन वह सदा अचल निश्चय बुद्धि निश्चित और दृढ़ रहे अंत समय तक उनके अंदर सेवा की धुन लगी रही एक दिन भी उन्होंने ज्ञान सुने बिना नहीं बिताया और जब 18 जनवरी 1969 को उनकी आत्मा ने अपनी सर्वोच्च स्थिति को प्राप्त कर लिया पुराने शरीर का त्याग कर अव्यक्त फरिश्ता स्वरूप में अब सेवा कर रहे हैं।

---

# भेदभाव समाप्त करने को एकजुट हों

- जग्गी गार्डन में आयोजितह हुआ हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

हिंदू समाज का, हिंदू समाज के लिए, हिंदू समाज के द्वारा" के मूल मंत्र को लेकर रविवार को अंबाला शहर में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित गया। सम्मेलन का आयोजन जग्गी गार्डन में किया गया।

इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को समाप्त कर हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना और राष्ट्रभाव को जागृत करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश्वरानंद महाराज ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति डॉ. एस. चरणजीत सिंह उपस्थित रहे, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक शिव ने मुख्य वक्ता के रूप में हिंदू समाज को मार्गदर्शन दिया।



अंबाला। सम्मेलन में मौजूद मुख्य वक्ता व लोग। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद:** कार्यक्रम में संयोजक सुखजीत पाल सिंह, सह संयोजक वृंद अमरजीत सिंह,नरेश अत्री,राजीव कुमार,मंत्री अमित जैन,सह मंत्री मनीष मनचंदा,कोषाध्यक्ष जगदीश,ज्योति जोशी, रेणु, अर्चना, विनीता, सीमा, कविता, श्यामलाल, राजन, जसबीर, गंगा यादव, पुनीत, सुगम, शैली, देवेंद्र, सतीश व

# रोहित बने उपाध्यक्ष, राणा को पुनः सचिव की जिम्मेदारी

- जिला कांग्रेस कमेटी के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंदर सिंह ने जिला कांग्रेस कमेटी के नए पदाधिकारियों की नियुक्तियों की घोषणा की। इन नियुक्तियों से पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नई नियुक्तियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य सचिव, अधिवक्ता रोहित जैन के आवास पर जश्न का माहौल देखने को मिला। बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर अधिवक्ता रोहित जैन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दीं तथा पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया। रोहित जैन ने कहा कि इन नई नियुक्तियों से न केवल पार्टी नेतृत्व बल्कि जमीनी स्तर पर कार्यरत कार्यकर्ताओं में भी नया उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव से पूर्व यह संगठनात्मक मजबूती पार्टी के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी और आगामी चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने में सहायक बनेगी।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तरुण चुघ, युवा नेता सचिन पुनिया, विपिन गर्ग, अमन उप्पल, अमित कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, जसप्रीत सिंह, अर्पित शर्मा, मंदीप पुनिया, विक्की बलाना, जग्गी, सुक्खी टंगेरिया, अमित, सोहिब अली, अजय खोबरा सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


अंबाला। नए पदाधिकारियों को मिठाई खिलाते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता।

### शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया

उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी में रोहित गर्ग को उपाध्यक्ष, दविन्द्र बजाज एवं जतिंदर पाल सोढ़ी को महासचिव, तथा किरनपाल राणा एवं राजपाल शर्मा को महासचिव नियुक्त किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष अधिवक्ता रोहित जैन ने इन नियुक्तियों के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा सांसद कुमारी सैलजा, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंदर सिंह, तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव बी.के. हरिप्रसाद व शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# श्री खाटू श्याम संध्या आयोजन: श्रद्धा-भक्ति का अद्भुत संगम"

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जेएसी अम्बाला रीजन ने अपने कार्यकाल के प्रथम कार्यक्रम की शुरुआत श्री खाटू श्याम संध्या के भव्य आयोजन के साथ की। इस पावन अवसर के माध्यम से जेएसी अंबाला के रीजनल चेयरमैन जेसी विशेष धीमान ने अपने कार्यकाल का शुभारंभ किया। यह आयोजन खाटू श्याम जी के आशीर्वाद से अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर दिल्ली से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक कौशल राणा तथा अंबाला के मास्टर जगत प्रकाश ने अपने मधुर एवं भावपूर्ण भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या में अंबाला छावनी के अनेकों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा श्याम के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर जेएसी इंडिया ज़ोन–एक के ज़ोन चेयरमैन जेसी प्रशांत सिंगला, जेएसी अंबाला के रीजनल चेयरमैन जेसी विशेष धीमान, रीजनल सेक्रेटरी जेसी अनिल दत्त शर्मा, जेएसी रीजनल कोषाध्यक्ष कमल गर्ग सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जेसी विवेक कोहली, सुकृत सैनी,शशांक अग्रवाल, विवेक गुप्ता, अचिन जैन,विशाल जैन, विशाल गुप्ता,आशीष मित्तल, हिमांशु मित्तल, नीरज जैन,निखिल वर्मा, विक्रांत सोनी, हर्षित विंडलास, मॉन्टी, आदित्य गर्ग, नितिन गुप्ता, संजीव छाबड़ा, विवेक धवन, दलवीर सिंह, कपिल देव, मुकेश अरोड़ा, मुकुल गुप्ता, दीपक अग्रवाल सहित जेएसी अंबाला के सभी सदस्य अपने परिवारजनों के साथ उपस्थित रहे व कार्यक्रम में अंबाला छावनी के अनेकों लोगों ने माथा टेक बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। भजन संध्या के सफल एवं भावविभोर आयोजन से प्रसन्न होकर उपस्थित सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पुनः आयोजित किए जाने का आग्रह किया। सभी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम से आने वाले समय में सभी के सुख-समृद्धि, कुशल मंगल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


अंबाला। भजन संध्या के दौरान मौजूद जेएसी के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

# खेल नर्सरी में किया सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

जुलाना क्षेत्र के रामराये गांव की खेल नर्सरी में युवाओं को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खेल विभाग ओर योग भारती हरियाणा शाखा रामराये संगीत कुमार ढुल योग भारती हरियाणा शाखा संचालक ओर आयुष विभाग की आरे से किया गया। आयुष योग सहायक संगीत कुमार ओर खेल विभाग से राम कोच, कैप्टन सुनील ढुल, राजेश ढुल, सुनील ढुल ने मिल कर पूर्ण मंत्रोच्चार उच्चारण के साथ तीन दिवसीय सूर्य नमस्कार अभियान का आगाज किया।


जुलाना। रामराये गांव में योग करते युवा। फोटो: हरिभूमि

### योग हमारी संस्कृति की पहचान

इस अभियान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला और जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा के दिशा निर्देश में सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन किया गया। योग सहायक संगीत कुमार ने कहा कि योग हमारी संस्कृति की पहचान है। आज के युग में योग को अन्य देशों के लोग भी अपना रहे हैं। योग करने से अनेकों बीमारियां कट जाती है और शरीर पहले के मुकाबले और अधिक स्वस्थ बनता है।

# प्रवचन सुनने उमड़े श्रद्धालु

- सदगुरु करते हैं मानव जीवन को सौंदर्य से युक्त करने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान में रविवार को आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री सीमा भारती ने श्रद्धालुओं को बताया कि मानव जीवन को सौंदर्य से युक्त करने का कार्य सदगुरु करते हैं।

किंतु यह अनुपम उपलब्धि केवल सद्गुरु बनाने से प्राप्त नहीं होती बल्कि सद्गुरु के चरणों का दास बन जाने के बाद ही मानव जीवन वास्तव में शोभायमान होता है। संसार में चाहे कोई कितना ही बड़ा ज्ञानी क्यों न हो,कोई चिकित्सक हो या शिक्षक जब तक उसे सद्गुरु प्राप्त नहीं होते,तब तक उसका जीवन पूर्ण गरिमा से युक्त नहीं होता। मीरा भाई ने भी सतगुरू रविदास से ब्रह्मज्ञान रूपी राम रत्न धन पायो था। संसार सागर में अंधकार और उजाला दोनों विद्यमान है। यह आवश्यक नहीं कि जो कुछ हमारी खुली आंखों से दिखाई देता है, सत्य का प्रकाश हो।


नारायणगढ़। प्रवचन के दौरान मौजूद श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### मानव देह में एक तीसरा ज्ञान चक्षु भी

इस मानव देह में एक तीसरा ज्ञान चक्षु भी होता है, जिसके द्वारा अंधेरे और उजाले का वास्तविक भेद समझ में आता है। इसी चक्षु से संसार को बनाने वाला वह महान करतार दिखाई देता है, जो कण-कण में व्याप्त, सर्वव्यापक और ज्योति स्वरूप है। सत्संग में श्रद्धालुओं को भावपूर्ण भजनों से कृतार्थ किया ।

जांच में किए कई खुलासे, सिग्नल एप के जरिए हो रही थी चैट, साइबर सेल ने रिकवर की चैटिंग

# बलदेव थाने में विस्फोट के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के हाथ होने का शक पुख्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला के बलदेव नगर थाने में 10 जनवरी को कार में आग लगाने के जरिए हुए विस्फोट में पाक की आईएसआई एजेंसी का हाथ होने के सबूत मिले हैं। दरअसल इस मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किए गए कार चालक कर्मजीत उर्फ टोनी से पूछताछ में ऐसे कई खुलासे किए हैं। टोनी सिग्नल एप का इस्तेमाल कर रहा था। यह एप आईएसआई के एजेंट और आतंकी भी इस्तेमाल करते हैं। विस्फोट के बाद टोनी की इसी एप पर किसी के साथ लंबी चैटिंग हुई थी। साइबर सेल की मदद से यह चैटिंग रिकवर कर ली गई है। जिस शख्स से टोनी चैट कर रहा था, उसका नाम पाकिस्तानी अपराधी शहजाद भट्टी बताया जा रहा है। भट्टी वही अपराधी है जिसके नाम से अगले दिन वीडियो वायरल हुआ था। इसमें भट्टी को यह कहते दिखाया गया था कि उसका विस्फोट से कोई संबंध नहीं है। एजेंसियां अब यह मालूम कर रही हैं कि टोनी भट्टी के नाम से किसी और से चैट तो नहीं कर रहा था। भट्टी को आईएसआई का सहयोगी बताया जाता है। उसका नाम आने से जांच की दिशा आईएसआई की ओर मुड गई है। टोनी से स्वीकार किया कि उसने एप पर मिले इशारे पर ही रसोई गैस के तीन सिलेंडर और विस्फोटक से भरी मारूति 800 थाने में खड़ी की थी। इसके बदले उसे 30 हजार रुपये मिले थे।

### टोनी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था, पटियाला से गिरफ्तार किया गया

पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर में भी इस साजिश और दोनों के बीच सिग्नल एप पर चैटिंग का जिक्र किया गया है। थाने में कार खड़ी करके जाते समय टोनी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। इसी फुटेज की मदद से पुलिस ने पंजाब के पटियाला स्थित गुरबक्श कॉलोनी के टोनी को गिरफ्तार करने के बाद तीन दिन की रिमांड पर ले लिया था। उसे अब 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। टोनी से पूछताछ में यह भी साफ हुआ कि कार में सिलेंडर और विस्फोटक पंजाब के जिला फिरोजपुर स्थित गांव फतूवाला के के आकाश और उसका भाई सौरभ उर्फ सोबी ने रखा था। दोनों भाइयों को विस्फोटक फिरोजपुर से मिला था। दोनों इसे लेकर अंबाला पहुंचे और होटल में ठहर गए। 10 जनवरी की सुबह कर्मजीत कार लेकर पहुंचा। दोनों भाइयों ने कार की डिक्की में विस्फोटक सामग्री और तीन तीन किलो गैस से भरे तीन सिलेंडर रख दिए। इसके बदले उन्हें 60 हजार रुपये मिले थे। टोनी ने कार ले जाकर थाने में खड़ी कर दी। दोपहर पौने दो बजे इसमें विस्फोट हो गया। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी कर्मजीत की शहजाद भट्टी के साथ चैटिंग की जानकारी मिली है लेकिन इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि यह सही है या फिर नहीं।